# सीहोर जिला

नवभारत
भोपाल, सोमवार ,27 अप्रैल, 2026







## एक नजर में



### भारतीय दर्शन और सनातन संस्कृति से परिचित हुए विद्यार्थी

**बुधनी.** महाविद्यालय में आदिगुरु शंकराचार्य जयंती सप्ताह के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यार्थियों को भारतीय दर्शन और सनातन संस्कृति के सिद्धांतों से परिचित कराया गया. मुख्य वक्ता कथा वाचक पं. घनश्याम शास्त्री एवं शा. अधिवक्ता भंगूजी रावत रहे. प्रस्तावना विकासखंड समन्वयक इंदर निकुम ने प्रस्तुत की. पं. घनश्याम शास्त्री ने आदिगुरु शंकराचार्य को महान भारतीय दार्शनिक व सनातन धर्म के पुनरुत्थानकर्ता बताते हुए उनके जीवन प्रसंगों का उल्लेख किया. पंकज जाट ने सनातन संस्कृति पर विचार व्यक्त किए. संचालन सुनील पांडे ने किया. कार्यक्रम में आलोक यादव, शिवानी चौहान, चैन सिंह कौर, नीलेश बोहित उपस्थित रहे.



### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा में हुईं अनेक गतिविधियां

**सीहोर.** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस दौरान नारी शक्ति वंदन विषय पर व्याख्यान, विचार-विमर्श, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, प्रस्तावना का सामूहिक वाचन आदि आयोजित किए गईं. गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम में एसडीओपी सुश्री पूजा शर्मा ने छात्राओं को स्वाभिमान, आत्मसम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा ड़छाड़ या अनुचित घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे समय पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके.



### रोल प्ले से किया शंकाओं का संतोषजनक समाधान

**भैरुंदा .** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार तहसील में जनगणना 2027 के तृतीय एवं अंतिम चरण के प्रशिक्षण का समापन हुआ. प्रशिक्षण में 143 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया, जिन्हें 6 फील्ड प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिदिन प्रातः 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने रोल प्ले के माध्यम से फील्ड में नागरिकों द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों एवं शंकाओं के संतोषजनक समाधान प्रस्तुत किए.




### शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में व्याख्यान

**भैरुंदा.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि उपनिरीक्षक पूजा सिंह राजपूत थीं. उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियमके प्रावधानों पर प्रकाश डाला व महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और महिलाओं से संबंधित विभिन्न अपराधों की रोकथाम के कानूनी उपायों के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मधुरेन्द्र बेनसन ने की. उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सशक्त नारी ही सशक्त समाज का आधार है. संचालन उपेन्द्र पाठक एवं हर्षिता शर्मा द्वारा किया गया. व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने महिला सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक प्रश्न भी पूछे, जिनका एसआई राजपूत ने अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से समाधान किया.



### सक्रिय अधिगम पर कार्यशाला में शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

**बुधनी.** नगर के भारती विद्या मंदिर (बीवीएम) स्कूल में सीबीएसई को एड भोपाल के मार्गदर्शन में 'सक्रिय अधिगम' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया. कार्यशाला में मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में सुश्री सबाहत खान एवं सुश्री स्वाति चतुर्वेदी ने शिक्षकों को आधुनिक एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों की जानकारी दी.कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्या सुश्री दिलना राजपूत के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यशाला का उद्देश्य कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाना था. इस दौरान 21वीं सदी के कौशल जैसे समस्या समाधान, रचनात्मकता, सहयोगात्मक अधिगम एवं आलोचनात्मक चिंतन—को विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया. संसाधन व्यक्तियों ने सक्रिय अधिगम की अवधारणा को सरल रूप में समझाते हुए कक्षा में इसके व्यावहारिक उपयोग के विभिन्न तरीके भी बताए. अंत में प्रधानाचार्या सुश्री दिलना राजपूत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

# आसमान से बरस रही आग, तापमान 44 पार

## सीजन का सबसे गर्म दिन रहा रविवार, 44 .2 पर पहुंचा तापमान, ग्रामीण क्षेत्र में बरसी राहत की बूंदें

- भीषण गर्मी के चलते दिन में रहता कर्फ्यू-सा आलम
- अमलाहा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा



**सीहोर.** रविवार को रिकार्ड गर्मी के कारण आसमान से बरस रही आग से बचने लोगों को चेहरा ढंकने को मजबूर होना पड़ा.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अप्रैल. सूबे सहित संपूर्ण जिला इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है. दिनों-दिन बढ़ती गर्मी ने रविवार को सारे रिकार्ड तोड़ दिए. 44. 2 डिग्री तापमान के साथ रविवार का दिन सबसे गर्म रिकार्ड किया गया. हालांकि शाम को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश होने के समाचार मिले हैं. आसमान से बरस रही आग से जन जीवन बेहाल हो गया है और इसका असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है.**

अप्रैल माह के उत्तरार्द्ध में गर्मी के तेवर काफी गर्म बने हैं. सुबह से चिलचिलाती धूप चुभती है तो दोपहर में धूप में इतनी अधिकता होती है कि शरीर झुलसने लगता है. रविवार को सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया था, जो दोपहर होते-होते और भी प्रचंड हो गई. सड़कों पर सन्नाटा छा गया और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. दोपहर के समय स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि खुली धूप में कुछ ही मिनट खड़े रहना मुश्किल हो गया. गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया. खासकर बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित नजर आए. बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी भीड़ कम देखने को मिली.

गर्मी का असर सिर्फ दिन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल पाई. गर्म हवाओं के कारण रात का तापमान भी अधिक बना रहा, जिससे लोगों की नींद प्रभावित हुई. कूलर और पंखे भी गर्म हवा ही दे रहे थे, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा. हालांकि, रविवार शाम को जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों से राहत भरी खबरें भी सामने आईं. आसपास के गांवों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम कुछ हद तक खुशनुमा हो गया. बारिश के बाद तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई और लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली.

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में गर्मी का असर अभी बना रह सकता है. हालांकि बीच-बीच में स्थानीय स्तर पर आंधी या हल्की बारिश होने की संभावना भी जताई जा रही है, जिससे तापमान में अस्थायी गिरावट आ सकती है.

फिलहाल, जिलेवासी गर्मी की इस मार से जूझ रहे हैं और बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं. प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी लोगों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी जा रही है, ताकि भीषण गर्मी के प्रभाव से बचा जा सके.

### लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा गर्मी का असर

इस भीषण गर्मी का असर लोगों की सेहत पर भी साफ नजर आने लगा है. अस्पतालों में उल्टी-दस्त, डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है. डॉक्टरों ने लोगों को दिन के समय धूप में निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी पीने और हल्का भोजन करने की सलाह दी है .गर्मी से राहत पाने के लिए लोग कोल्ड ड्रिंक, लस्सी, गन्ने का रस, नींबू पानी और शिकंजी जैसे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं. बाजारों में इन ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ़ गई है.

### बच्चों के पालकों में मायूसी का माहौल

इन दिनों जब भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है. लोग गर्मी से बचने के तमाम जतन कर रहे हैं. ऐसे में जिले के स्कूलों में अब तक अवकाश घोषित न किए जाने से अभिभावकों में रोष का माहौल बना हुआ है. गर्मी के तेवरों को देखते हुए पड़ोसी जिलों रायसेन, विदिशा, भोपाल और नर्मदापुरम में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया जा चुका है, लेकिन सीहोर जिले में अब तक ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है. इसे लेकर अभिभावकों में चिंता बढ़ रही है और वे प्रशासन से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए जल्द अवकाश घोषित करने की मांग कर रहे हैं.

## कृषि मंत्री के आगमन पर किया स्वागत



**डोबी.** शासकीय स्कूल ग्राउंड में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव पहुंचे. जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने लाड़ली बहना योजना बनाई. राष्ट्रीय राजमार्ग खेतों खेत सड़क योजना, कन्या विवाह योजना जैसी योजनाएं बनाई. एक समय था जब हम शाहगंज जाते थे. घोड़े पर बैठकर जाना पड़ता था. खच्चर पर पर आज स्थिति यह है कि पहले स्टेट हाईवे अब राष्ट्रीय राजमार्ग भी हो गया. हमने रायसेन में रोड मैप बनाया है. गेहूं तलाई से जुड़ी समस्या पर उन्होंने कहा एक-एक किसान का गेहूं तुलवाया जाएगा. किसी भी किसान को परेशानी नहीं आएगी. इस अवसर पर महेश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, जनपद सदस्य थानसिंह चौहान, सरपंच कल्याण सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष पवन चौहान, मैनेजर कैलाश नारायण तिवारी, राजकुमार मीणा, राजकुमार चौहान, वीर सिंह चौहान, बलवान पटेल, लाल सिंह चौहान, राजकुमार चौहान, मोती राम चौहान, चंदू पटेल, पवन शर्मा बिपिन चौबे, लालता प्रसाद चौहान आदि उपस्थित थे.

## खिताबी भिड़ंत में आईपीसीए टीम विजेता

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अप्रैल.** बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आईपीसीए भोपाल ने अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स को नौ विकेट से हराया.

आईपीसीए की ओर से समीर कुरैशी ने 24 गेंद पर 68 रन की पारी खेली. वहीं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर जेपी यादव ने 33 रन बनाए. प्रतियोगिता के समापन के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनिल पालीवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक रायसिंह कमल डाबरी, राजकुमार गुप्ता, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, मुकेश मेवाड़ा, राजेश मांझी, जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, गौरव मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, अनुज मेवाड़ा, सुरेन्द्र रल्हन, वरुण शर्मा, नागेन्द्र व्यास, आशीष शर्मा, नवनीत तोमर, चेतन मेवाड़ा आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलअहमद सीनियर ने 18.4 ओवर में दस विकेट खोकर 115 रन का स्कोर बनाया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की शुरूआत शानदार रही. समीर कुरैशी, जेपी यादव के रनों की बदौलत खिताबी मुकाबला आईपीसीए ने जीता.

# सड़क पर मिला ग्रामीण युवक का लहूलुहान शव

- इछावर थाना क्षेत्र के मोलगा व रामनगर मार्ग पर मिला शव
- शरीर पर चोट के निशान देख हत्या की आशंका बलवती

नवभारत न्यूज

**इछावर 26 अप्रैल.** क्षेत्र में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब मोलगा से रामनगर जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक युवक की खून से सनी लाश मिली राहगीरों ने सड़क किनारे शव देख तत्काल पुलिस को सूचना दी. मृतक के शरीर पर गहरे चोट के निशान मिले हैं, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि धारदार हथियार से उसकी हत्या की गई है वहीं लाश मिलने से दहशत और आक्रोश का माहौल है.

पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक की पहचान अंकुश परमार चंद्र सिंह परमार 32 वर्ष के रूप में हुई है, जो ग्राम सतपीपलिया का रहने वाला था. घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. हत्या की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, तो वहीं ग्रामीणों में हत्याकांड को लेकर गुस्सा देखा जा रहा है.

शव की स्थिति को देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि हमलावरों ने पुरानी रंजिश या किसी अन्य विवाद के चलते अंकुश पर जानलेवा हमला किया गया है. शरीर पर मिले गहरे जख्म



से इस बात की पुष्टि हो रही है कि हमलावरों ने धारदार हथियार से बेरहमी से वार कर युवक की जान ली है. सूचना मिलते ही इछावर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का मुआयना किया. पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मामले में पुलिस ने बताया कि आसपास लोगों से पूछताछ की गई है. पुलिस टीम गांव के पुराने विवाद और अंकुश की कॉल डिटेल्स् खंगाल रही है जिससे हत्या की गुत्थी को सुलझा सके.

# शहर की बेटी रूपाली को जयाप्रदा ने दिया अवार्ड

नवभारत न्यूज

**सीहोर 26 अप्रैल.** कथक नृत्य की प्रतिभा शिल्पकार डॉ. रुपाली सोनी, डायरेक्टर सरस्वती कथक डांस कला केन्द्र को हैदराबाद में आयोजित इन्साईड मीडिया सक्सेस कार्यक्रम में नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड 2026 में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा के हाथों सेकथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड की उपाधि से सम्मानित किया गया.

डॉ. रुपाली सोनी सीहोर की निवासी हैं और उन्होंने कथक नृत्य में अपनी प्रतिभा का लोहा



मनवाया है. उन्होंने शास्त्रीय नृत्य, फोक नृत्य, नृत्य नाटिका एकल एवं सामूहिक नृत्य में प्रादेशिक, राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त की है. डॉ. रुपाली को इससे पहले भी 2019 में पत्रिका अचिवर अवार्ड, 2023 में वॉलिवूड अभिनेत्री सुधा चन्द्रन द्वारा इन्टरनेशनल अचिवर अवार्ड, 2023 में प्राईड अवार्ड एवं 2023 में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर गौरव सम्मान तथा 150 से अधिक बार प्रादेशिक, राष्ट्रीय मंचों पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कथक कलाकार, कथक गुरु, प्रतिभा शिल्पकार, नृत्य साधना, कथक निर्णायक आदि अनेकानेक उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है.

डॉ. रुपाली इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता कान्ता-स्व. देवकीनंदन भट्टर, गुरु स्व. पंडित वासुदेव मिश्रा एवं प्रफुल्ल गेहलोत सर तथा अपने पति नवीन सोनी को देती हैं. डॉ. रुपाली का सपना था प्रसिद्ध नृत्य कलाकार अभिनेत्री जयाप्रदा से मिलना, जो इस कार्यक्रम में उनके हाथों से ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026 टाइटल कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड इन क्लासिकल डांस के रूप में प्राप्त हुआ. डॉ. रुपाली की संस्था सरस्वती कथक (डांस) कला केंद्र द्वारा शहर में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर एकल, सामूहिक प्रस्तुति दी जाती रही है.

## नाराज होकर घर से गई नाबालिग बरामद

नवभारत न्यूज

मुस्कान अभियान के तहत थाना पुलिस द्वारा गुमशुदा नाबालिग 16 वर्षीय बालिका को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया. बालिका परिवार से नाराज होकर घर से चली गई थी.

गत 18 अप्रैल को सूचनाकर्ता द्वारा थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग नातिन घर से बिना बताये कही चली गई है. उक्त रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा मुस्कान अभियान तहत गुमशुदा बालिकाओं को तत्परता और संवेदनशीलता से बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था. निर्देशों के पालन में एएसपी सुनीता रावत के मार्गदर्शन व एसडीओपी रोशन कुमार जैन द्वारा थाना प्रभारी पंकज कुमार वाडेकर के नेतृत्व में टीम गठित की गई. पुलिस मुखबिर की सूचना पर मंडीदीप जिला रायसेन पहुंची एवं गुमशुदा की तलाश कर बरामद किया. उसके कथन लिए जिसने अपने कथनों में घर से गुस्सा होकर मंडीदीप जाना बताया. गुमशुदा ने अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नही बताया. गुमशुदा को सकुशल परिजनो को सुपुर्द किया गया.

**समीक्षा बैठक** कलेक्टर बालागुरू के ने विभिन्न विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की

# नवीन खेती अपनाकर किसान लें योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 25 अप्रैल.** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, मत्स्य, मार्कफेड एवं पशुपालन विभाग की गतिविधियों एवं कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की गई.

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचना चाहिए और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं होगा. उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत की जाए और योजनाओं का क्रियान्वयन केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभाव सीधे किसानों और आमजन के जीवन में दिखाई देना चाहिए. कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक की बैंकिंग व्यवस्था मजबूत करने और किसानों को अधिक सुविधा और राहत देने की बात कही. सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि सीहोर की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक वर्ष 2026 में लगभग 10.34 करोड़ रुपए के वार्षिक लाभ में है तथा नाबार्ड से पुनर्वित्त के लिए पात्र है. पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, ईआरपी एंट्री एवं ई-पैक्स व्यवस्था के माध्यम से पारदर्शिता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं. साथ ही कालातीत कृषि ऋणों की वसूली के लिए रिस्ट्रक्चरिंग योजना लागू की जा रही है. कलेक्टर ने मत्स्य विभाग की समीक्षा में निर्देश दिए कि जिले के जल संसाधनों का प्रभावी उपयोग उपयोग किया जाए और अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो सके. बैठक में जानकारी दी गई थी 328 ग्रामीण तालाब एवं 69 सिंचाई जलाशयों में 100 प्रतिशत क्षेत्र में मत्स्य पालन किया जा रहा है. वर्ष 25-26 में मत्स्योत्पादन के लिए 347 टन के लक्ष्य के विरुद्ध 326.30 टन उत्पादन हासिल कर 94 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत आवंटित राशि का शत-प्रतिशत उपयोग किया गया है. साथ ही स्मार्ट फिश पार्लर योजना के अंतर्गत लक्ष्यों के अनुरूप निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिससे मत्स्य व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है और रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं.

बैठक में कलेक्टर बालागुरु के ने कृषि अधिकारियों को किसानों को कृषि क्षेत्र में आ रहे बदलाव की त्वरित जानकारी पहुंचाने और नवीनतम कृषि पद्धतियों की जानकारी देकर उन्हें




जागरूक करने के निर्देश दिए. कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान वर्ष 2026-27 के लिए कृषि योजना के अंतर्गत खरीफ एवं रबी फसलों के क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता के लक्ष्य निर्धारित किए गए. खरीफ 2026 के लिए बीज, उर्वरक एवं पौध संरक्षण दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. समृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों के खेतों की मिट्टी की जांच कर उन्हें उर्वरक उपयोग की वैज्ञानिक सलाह देने पर जोर दिया गया. नरवाई प्रबंधन के अंतर्गत हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर मशीनों की उपलब्धता बढ़ाने तथा ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए.

## श्री नरसिंह चरितामृत आज से प्रारंभ

**सीहोर.** श्री शुभ नरसिंह जयंती के पावन अवसर पर नगर में पहली बार दो दिवसीय श्री नरसिंह चरितामृत का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन 27 एवं 28 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा. कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन सिद्ध पीठ श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर, कोलीपुरा में किया जाएगा. इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचन का सौभाग्य ज्योतिष एवं भागवत सिंधु आचार्य पं. हर्षित शास्त्री के मुखारविंद से किया जाएगा के रूप में किया जाएगा. वहीं मंदिर के व्यवस्थापक संत माधव दास महाराज के सान्निध्य में एवं श्री लक्ष्मी नरसिंह सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है. आयोजन समिति ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक लाभ एवं भक्ति भाव को जागृत करने का विशेष अवसर है.